आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत।
- केंद्र सरकार ने खरीफ सीज़न 2026 के लिए फॉस्फेटिक व पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को दी मंजूरी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप हिमाचल में पाकिस्तान मॉडल लागू कर रही सुक्खू सरकार– आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल।
- साउथ एशियन यूथ टेबल टेनिस चैम्पियनशिप शिमला में शुरू– 5 देशों के सौ से अधिक प्रतिभागी ले रहे भाग।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात व निचले मैदानी इलाकों में वर्षा से तापमान में कमी।

समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिमला में आज स्वास्थ्य शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की सीटें बढ़ाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने नए मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसरों और टांडा मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी को देखते हुए अगले तीन वर्षों के लिए उनकी सेवानिवृति की आयु 65 वर्ष करने को कहा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति की आयु बढ़ने पर किसी भी स्तर पर पदोन्नति को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 3 हज़ार करोड़ रूपए की लागत से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आधुनिक मशीने व उपकरण खरीद रही हैं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में किसी भी तरह का आर्थिक संकट नहीं है बल्कि वित्तीय अनुशासन के लिए सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। शिमला में आज उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और हिमाचल आत्मनिर्भर राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार आर.डी.जी. में कट लगाकर राज्य के लोगों का अधिकार छीनने का काम कर रही है और भाजपा भी इसमें राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा पांच गुटों में बंटी हुई है और अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है जबकि प्रदेश के हितों की लड़ाई लड़ने में सरकार का साथ नहीं दे रही है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केन्द्र सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि इस पर

लगभग 41 हजार 5 सौ 34 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल हो चुकी है और सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश की वित्तीय स्थिति डगमगा गई है। मंडी में आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की सुक्खू सरकार हिमाचल में पाकिस्तान मॉडल लागू कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान में गंभीर आर्थिक संकट के कारण कर्मचारियों और अधिकारियों का वेतन डेफर करने का प्रचलन है वही स्थिति आज प्रदेश में पैदा हो गई है।

प्रशासनिक विरोधाभासों पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक ओर मुख्य सचिव पुनर्नियुक्ति और सेवा विस्तार न देने के आदेश जारी करते है वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री कार्यालय से एक अधिकारी को उसी दिन सेवा विस्तार दे दिया जाता है, जो दर्शाता है कि सरकार में कोई तालमेल नहीं है।

टेनिस प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज इंदिरा गांधी राज्य खेल परिसर शिमला में साउथ एशियन यूथ टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का शुभारम्भ किया। 4 दिवसीय इस प्रतियोगिता में पांच देशों भारत, श्रीलंका, मालदीव, बांग्लादेश और नेपाल के सौ से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल को पहली बार साउथ एशियन टेबल टेनिस यूथ चैंपियनशिप की मेज़बानी का मौका मिला है जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल अधोसंरचना को मजबूत बना रही है ताकि युवा खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन, समर्पण व नेतृत्व क्षमता का विकास होता है और उन्हें सकारात्मक दिशा मिलती है। इस दौरान टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव अदिश राणा ने बताया कि ये प्रतियोगिता 11 अप्रैल तक चलेगी। उन्होंने प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास की आवश्यकता भी बताई।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जबकि निचले व मैदानी इलाकों में वर्षा का सिलसिला रूक–रूककर जारी है। बर्फबारी व वर्षा से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को अप्रैल के महीने में भी दिसंबर जैसी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति के ताबो में आज न्यूनतम तापमान शून्य दशमलव एक जबकि कुकुमसेरी में शून्य दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। वहीं कल्पा में 3 शिमला में 4 दशमलव 8 और मनाली में 6 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने आज शिमला, मंडी, चंबा, कांगड़ा व कुल्लू जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जबकि लाहौल स्पीति व किन्नौर को छोड़कर अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देश भर में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और सामान्य आपूर्ति जारी है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी गई ताकि घरों तक सौ प्रतिशत

आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति को विनियमित किया गया है। सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने पीएनजी कनेक्शनों का विस्तार किया है और व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति को भी चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया है।

<u>सैजल</u>

भाजपा नेता व पूर्व मंत्री राजीव सैजल ने प्रदेश में निर्माण सामग्री की कीमतों में हो रही लगातार बढ़ोतरी को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश में मंहगाई ही कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी पहचान बन चुकी है और आम आदमी का घर बनाना अब एक सपना बनकर रह गया है। सैजल ने कहा कि सीमेंट के दामों में प्रति बेग 15 रूपए तक की बढ़ोतरी और सरिये के दाम में हज़ार प्रति क्विंटल के उछाल ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। राजीव सैजल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और माफिया व बिचौलियों को खुली छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच मजबूती से उठाएगी और कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध करेगी।